# PAPER-II
# HISTORY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

**J 0 6 1 6**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen provided by C.B.S.E.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण :** ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल C.B.S.E. द्वारा प्रदान किये गये काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



www.examrace.com

## HISTORY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which of the following is the characteristic tool of the Lower Palaeolithic period ?

(1) Handaxe (2) Burin

(3) Scraper (4) Celt

**2.** Who, among the following, were victorious in the 'Battle of Ten Kings' of the Vedic period ?

(1) Matsyas (2) Purus

(3) Anus (4) Bharatas

**3.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Gautama Buddha did not recognise the existence of a permanent soul.

**Reason (R) :**He believed in rebirth.

In the context of the above two statements which of the following is correct ?

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**4.** Which of the following is not one of the 'Saptangas' ?

(1) Kosa (2) Svamin

(3) Durga (4) Ratnin

**5.** Which of the following statements is not true ?

(1) The Southern limit of Asoka's inscription is Karnataka.

(2) Kalinga war took place in Asoka's $8^{th}$ regnal year.

(3) Asoka's edicts refer to the restriction of slaughter of animals in the royal kitchen.

(4) Asoka's edicts mention the contribution of Mahendra and Sanghamitra in the spread of dharma.



www.examrace.com

# इतिहास

## प्रश्न-पत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्न में से कौन निम्न पुरापाषाण काल का विशिष्ट उपकरण है ?

(1) हस्तकुठार (2) उत्कीर्णक (ब्यूरिन)

(3) खुरचनी (स्क्रेपर) (4) कुल्हाड़ी (सेल्ट)

**2.** वैदिक काल में हुए 'दस राजाओं के युद्ध' में निम्न में से कौन विजयी हुए थे ?

(1) मत्स्य (2) पुरू

(3) अनु (4) भरत

**3.** नीचे दो कथन दिए गए हैं एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**कथन (A) :** गौतम बुद्ध आत्मा की स्थायी सत्ता को स्वीकार नहीं करते थे ।

**कारण (R) :** वे पुनर्जन्म में विश्वास करते थे ।

उपर्युक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन सही है ?

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

**4.** निम्नलिखित में से कौन 'सप्तांग' का भाग नहीं है ?

(1) कोष (2) स्वामिन्

(3) दुर्ग (4) रत्निन्

**5.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) अशोक के अभिलेखों की दक्षिणी सीमा कर्नाटक है ।

(2) कलिंग युद्ध अशोक के 8वें शासन वर्ष में हुआ था ।

(3) अशोक के अभिलेख राजा की भोजनशाला में पशु वध के प्रतिबंध का हवाला देते हैं ।

(4) अशोक के अभिलेख धर्म के प्रचार में महेंद्र और संघमित्रा के योगदान का उल्लेख करते हैं ।



www.examrace.com

6. Which of the following pairs is not correctly matched ?

(1) Pushkalavati – Charsadda (2) Sakala - Sialkot

(3) Takshasila – Sirkap (4) Mahodaya – Mahoba

7. Which of the following statements is not correct in respect of the Satavahana period ?

(1) Hala was the composer of the Gatha-saptasati.

(2) Gautamiputra Satakarni destroyed the Kshaharata family.

(3) Satavahana Kingdom comprised aharas.

(4) Somadeva was the rival of Gunadhya in the Satavahana Court.

8. Which of the following subjects is dealt with, in the Kudumiyamalai inscription of the Pallava family ?

(1) Architecture (2) Music

(3) Irrigation (4) Polity

9. Which of the following is correct in respect of the plan of the Durga temple at Aihole ?

(1) Square (2) Rectangular

(3) Stellar (4) Apsidal

10. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below :

| List – I (Author) | List – II (Title of the book) |
|---|---|
| (a) A.L. Basham | (i) Hindu Polity |
| (b) D.D. Kosambi | (ii) The Wonder that was India |
| (c) K.P. Jayaswal | (iii) An Introduction to the study of Indian History. |
| (d) R.G. Bhandarkar | (iv) Early History of the Dekkan |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |



www.examrace.com

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही नहीं है ?

(1) पुष्कलावती – चरसद्दा (2) शाकल – सियालकोट

(3) तक्षशिला – सिरकप (4) महोदय – महोबा

**7.** सातवाहन काल के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) गाथा सप्तशती के रचयिता हाल थे ।

(2) क्षहरात वंश के विनाशक गौतमी पुत्र सातकर्णी थे ।

(3) सातवाहन साम्राज्य में आहार सम्मिलित थे ।

(4) सातवाहनों की सभा में सोमदेव, गुणाढ्य का विरोधी था ।

**8.** पल्लव वंश का कुडुमियामलै अभिलेख किस विषय से संबंधित है ?

(1) वास्तु शिल्प (2) संगीत

(3) सिंचाई (4) राजनीति

**9.** ऐहोल स्थित दुर्गा मंदिर की योजना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही है ?

(1) वर्गाकार (2) आयताकार

(3) तारकीय (4) वृत्तायत

**10.** सूची – I को सूची – II से मिलाएं और नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I (लेखक)** | | **सूची – II (पुस्तक)** |
|---|---|---|---|
| (a) | ए.एल. बाशम | (i) | हिंदू पॉलिटी |
| (b) | डी.डी. कौशांबी | (ii) | द वंडर दैट वाज इंडिया |
| (c) | के.पी. जायसवाल | (iii) | एन इंट्रोडक्शन टु द स्टडी ऑफ इंडियन हिस्ट्री |
| (d) | आर.जी. भंडारकर | (iv) | अर्ली हिस्ट्री ऑफ द डेक्कन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |



www.examrace.com

11. Which of the following is the correct connotation of the word Upadha ?

(1) Land given to the temples
(2) Land given to the Brahmanas
(3) Tax on profession
(4) Test of integrity

12. Which of the following places marks the southern most extent of the Harappan Culture ?

(1) Desalpur
(2) Daimabad
(3) Rojdi
(4) Lothal

13. Which of the following places yielded the remains of Kushan devakula, where statues of royal persons were kept ?

(1) Ahichchhatra
(2) Chamba
(3) Mat
(4) Shahbazgarhi

14. Which of the following places are mentioned in the Periplus of the Erythraean Sea as market places.

Select the correct answer, using the code given below :

(i) Paithan
(ii) Ter
(iii) Kalyan
(iv) Sopara

**Codes :**

(1) (i) and (iii)
(2) (ii) and (iii)
(3) (i) and (iv)
(4) (i), (ii), (iii) and (iv)

15. Which of the following inscriptions, refers to the performance of Sati ?

(1) Bhitari inscription of Skandagupta.
(2) Mandasor inscription of Kumaragupta.
(3) Mathura inscription of Chandragupta II.
(4) Eran inscription of Bhanugupta .

16. Which of the following statements relating to the reign of Chola Rajendra I is not correct ?

(1) He renewed the matrimonial alliance with the Chalukyas of Vengi.
(2) He sent an expedition to Kadaram.
(3) He conquered Ceylon and reinstated its ruler Mahinda V.
(4) He renewed his father's grant to the Buddhist monastery at Nagapatam.



www.examrace.com

**11.** निम्नलिखित में से <u>उपधा</u> शब्द का सही आशय कौन-सा है ?

(1) मंदिर को दी गई भूमि
(2) ब्राह्मणों को दी गई भूमि
(3) व्यवसाय पर कर
(4) सत्यनिष्ठा की जाँच

**12.** निम्न में से कौन सा स्थल हड़प्पन संस्कृति के दक्षिणी विस्तार को इंगित करता है ?

(1) देसलपुर
(2) दइमाबाद
(3) रोजडी
(4) लोथल

**13.** निम्नलिखित में से किस स्थल पर कुषाण देवकुल के अवशेष मिलते हैं, जहाँ राज परिवार के सदस्यों की मूर्तियाँ रखी हैं ?

(1) अहिच्छत्र
(2) चंबा
(3) माट
(4) शाहबाज़गढ़ी

**14.** 'द पेरिप्लस ऑफ द एरिथ्रियन सी' नामक पुस्तक में निम्नलिखित में से किन स्थलों को बाजार केन्द्रों के रूप में दर्शाया गया है ?

नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

(i) पैठन
(ii) तेर
(iii) कल्याण
(iv) सोपारा

**कूट :**

(1) (i) और (iii)
(2) (ii) और (iii)
(3) (i) और (iv)
(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा अभिलेख सतीप्रथा का उल्लेख करता है ?

(1) स्कंदगुप्त का भीतरी अभिलेख
(2) कुमारगुप्त का मंदसौर अभिलेख
(3) चंद्रगुप्त द्वितीय का मथुरा अभिलेख
(4) भानुगुप्त का एरण अभिलेख

**16.** चोल राजेंद्र प्रथम के शासन के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही <u>नहीं</u> है ?

(1) उसने वेंगी के चालुक्यों के साथ वैवाहिक संबंधों को पुन:स्थापित किया ।
(2) उसने कडारम में अपनी सेना भेजी ।
(3) उसने सिंहल पर विजय पाई और शासक महिंद पंचम को पुन:स्थापित किया ।
(4) उसने अपने पिता द्वारा नागपटनम बौद्ध विहार को दिया जाने वाला अनुदान फिर से जारी किया ।



www.examrace.com

17. Which of the following temples of Khajuraho are constructed either wholly or largely of granite ? Use of the code given below :

(a) Chausatha Yogini temple

(b) Brahma temple

(c) Visvanatha temple

(d) Kandariya Mahadeva temple

**Codes :**

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d)

(3) (a), (b) (4) (c), (d)

18. The Vaishnavite devotionalism paved the way for the emergence of which of the following local literary genre in Bengal ?

(1) Manasa (2) Mangalam

(3) Mangalakavya (4) Chaitanya Mangal

19. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Source) | | List – II (Author) |
|---|---|---|
| (a) Siyar ul Auliya | (i) | Amir Khusrau |
| (b) Jami-ut Tawarikh | (ii) | Saiyid Muhammad |
| (c) Fatawa-i Jahandari | (iii) | Rashiduddin Fazlullah |
| (d) Matla-ul Anwar | (iv) | Ziauddin Barani |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

20. Which of the following pairs is not correctly matched ?

| | Source | | Author |
|---|---|---|---|
| (1) | Tarikh-i Firuzshahi | – | Shams-i Siraj Afif |
| (2) | Futuh us Salatin | – | Rashiduddin Fazlullah |
| (3) | Hasht Bihisht | – | Amir Khusrau |
| (4) | Rehla | – | Ibn Battuta |



www.examrace.com

17. खजुराहो के निम्न में से कौन से मंदिर पूरी तरह से या बड़े पैमाने पर ग्रेनाइट से बने हैं ? नीचे दिए कूट का प्रयोग करें :

(a) चौसठ योगिनी मंदिर

(b) ब्रह्मा मंदिर

(c) विश्वनाथ मंदिर

(d) कंदरिया महादेव मंदिर

**कूट** :

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d)

(3) (a), (b) (4) (c), (d)

18. वैष्णव भक्ति ने बंगाल में किस स्थानीय साहित्यिक विधा की उत्पत्ति का मार्ग प्रशस्त किया ?

(1) मानस (2) मंगलम्

(3) मंगल काव्य (4) चैतन्य मंगल

19. सूची – I का सूची – II से मिलान करें और नीचे दिए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (स्रोत)** | | **सूची – II (लेखक)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | सियारुल औलिया | (i) | अमीर खुसरो |
| (b) | जामी-उत तवारीख | (ii) | सैयद मुहम्मद |
| (c) | फतवा-ए-जहांदारी | (iii) | रशीदुद्दीन फजलुल्लाह |
| (d) | मतल-उल अनवार | (iv) | जियाउद्दीन बरनी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

20. निम्न में से कौन सा जोड़ा सुमेलित नहीं है ?

| | **स्रोत** | | **लेखक** |
|---|---|---|---|
| (1) | तारीख-ए-फीरोज़शाही | – | शम्से सिराज अफ़ीफ |
| (2) | फुतुह-उस-सलातीन | – | रशीदुद्दीन फजलुल्लाह |
| (3) | हश्त बिहिश्त | – | अमीर खुसरो |
| (4) | रेहला | – | इब्न बतूता |



www.examrace.com

21. Treadles in the loom are first described in India in

(1) 1348 – 49 (2) 1368 – 69

(3) 1448 – 49 (4) 1468 – 69

22. Which of the following Sultan built a hospital at Mandu in 1442-43 and ordered that medicines should be procured as were prescribed by both 'Islamic' and 'Brahmanical' physicians ?

(1) Sultan Firuz Shah Tughlaq (2) Sultan Mahmud Khalji

(3) Sultan Nasiruddin (4) Sultan Bakhtiyar Khalji

23. Consider the following statements relating to the mountain horsebreed found in the Himalayan steppes of Tibet.

(a) This mountain horsebreed was known as Kohi.

(b) This mountain horsebreed was known as Tanghan.

(c) These mountain horses were in profuse supply in the medieval period, particularly in the Bengal Sultanate.

Select the correct answer from the code given below :

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c)

(3) (a) and (c) (4) (a), (b) and (c)

24. Nimatullah writes, 'The Sultan then went on a boat to see the site. Enjoying and hunting on the way, he reached the place and liked the elevation of the area for purpose of habitation … the Sultan said : 'the name of this city be Agra'.

Identify the Sultan :

(1) Alauddin Khalji (2) Firoz Shah Tughlaq

(3) Bahlol Lodhi (4) Sikandar Lodhi

25. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Silahdar | (i) | A salaried officer |
| (b) | Wajhdar | (ii) | foot man |
| (c) | Waqf | (iii) | an armed man |
| (d) | Paik | (iv) | endowment |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |



www.examrace.com

**21.** भारत में पैर से चलाने वाले करघे (ट्रेडल्स) का वर्णन पहली बार कब मिलता है ?

(1) 1348 – 49 (2) 1368 – 69

(3) 1448 – 49 (4) 1468 – 69

**22.** निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने 1442 – 43 में माँडू में अस्पताल बनवाया था और यह निर्देश दिया था कि वहाँ 'इस्लामी' और 'ब्राह्मणी' दोनों तरह के चिकित्सकों की सिफारिश के मुताबिक दवाएँ मँगाई जाएँ ?

(1) सुल्तान फिरोज़ शाह तुग़लक़ (2) सुल्तान महमूद खलजी

(3) सुल्तान नसीरूद्दीन (4) सुल्तान बख़्तियार खलजी

**23.** तिब्बत के हिमालयी घास के मैदानों में पाए जाने वाली पहाड़ी घोड़ों की प्रजाति के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें :

(a) घोड़ों की इस पहाड़ी प्रजाति को <u>कोही</u> कहा जाता था ।

(b) घोड़ों की इस पहाड़ी प्रजाति को <u>तंगन</u> के नाम से जाना जाता था ।

(c) मध्यकाल में इन पहाड़ी घोड़ों की प्रचुर आपूर्ति थी, खास कर बंगाल सल्तनत में ।

नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट** :

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c)

(3) (a) और (c) (4) (a), (b) और (c)

**24.** नेमतुल्लाह लिखता है, सुल्तान इसके बाद एक नाव में वह स्थल देखने के लिए गया । रास्ते का आनंद उठाता, शिकार करता जब वह उस स्थल पर पहुँचा तो बसावट के हिसाब से उसकी ऊँचाई पसंद आई । सुल्तान ने कहा : 'इस शहर का नाम आगरा रखा जाए ।'

निम्नलिखित में से वह सुल्तान कौन था ?

(1) अलाउद्दीन खलजी (2) फीरोज शाह तुगलक

(3) बहलोल लोदी (4) सिकंदर लोदी

**25.** सूची – I का सूची – II से मिलान करें और कूट के माध्यम से <u>सही</u> उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | <u>सिलहदार</u> | (i) | वेतनभोगी कर्मचारी |
| (b) | <u>वजहदार</u> | (ii) | पैदल सैनिक |
| (c) | <u>वक़्फ़</u> | (iii) | हथियारबंद सैनिक |
| (d) | <u>पाइक</u> | (iv) | धार्मिक अनुदान |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |



www.examrace.com

**26.** Mahdawi movement in India was founded by Saiyid Muhammad Jaunpuri. He proclaimed his mahdiship at which of the following place ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Ahmadabad | (2) | Patan |
| (3) | Jaunpur | (4) | Barli |

**27.** Arrange the following in chronological order and choose your answer from the code given below :

| | **Monument** | **Place** |
|---|---|---|
| (a) | Jama Masjid | Gulbarga |
| (b) | Gol Gumbaz | Bijapur |
| (c) | Jahaz Mahal | Mandu |
| (d) | Govind-dev temple | Vrindaban |

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (2) | (c) | (b) | (d) | (a) |
| (3) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (4) | (a) | (c) | (d) | (b) |

**28.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A)** : Portuguese introduced element of force and politics in commerce.

**Reason (R)** : hen Portuguese Silveira came to Chittagong in 1517 he forcibly captured two Gujarat bound ships of the Bengali merchants.

In the context of the above statements which of the following is correct ?

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**29.** Abul Fazl constructs Akbar's descent from which of the following Prophet ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Adam | (2) | Abraham |
| (3) | Moses | (4) | Muhammad |



www.examrace.com

**26.** भारत में महदवी आंदोलन की शुरुआत सैयद मुहम्मद जौनपुरी ने की । उन्होंने किस स्थान पर अपनी महदीयत का दावा पेश किया था ?

(1) अहमदाबाद (2) पाटण

(3) जौनपुर (4) बर्ली

**27.** निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें और नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| | **इमारतें** | **स्थान** |
|---|---|---|
| (a) | जामा मस्जिद | गुलबर्गा |
| (b) | गोल गुंबद | बीजापुर |
| (c) | जहाज़ महल | माँडू |
| (d) | गोविंद देव मंदिर | वृंदावन |

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (2) | (c) | (b) | (d) | (a) |
| (3) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (4) | (a) | (c) | (d) | (b) |

**28.** नीचे दो वक्तव्यों में से एक कथन (A) तथा दूसरा कारण (R) है :

**कथन (A) :** पुर्तगालियों ने वाणिज्य में शक्ति और राजनीति जैसे तत्त्व डालने की शुरुआत की ।

**कारण (R) :** 1517 में जब पुर्तगाली सिल्विएरा चिटगाँव पहुँचा तो उसने बंगाली व्यापारियों के गुजरात जा रहे दो जलपोतों को जबरन अपने कब्जे में ले लिया ।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर सही है ?

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, पर (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, पर (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, पर (R) सही है ।

**29.** अबुल फजल ने अकबर को किस पैगंबर की वंश परंपरा से संबंधित बताया है ?

(1) आदम (2) अब्राहम

(3) मूसा (4) मुहम्मद



www.examrace.com

**30.** Which one of the following is <u>not true</u> about Akbar's tomb at Sikandara ?

(1) Akbar began to build his own tomb at Sikandara during his life-time.

(2) In 1607 Jahangir visited the site; and did not like the plan and ordered to make a new plan.

(3) The work of Akbar's tomb at Sikandara was finished in 1618.

(4) Out of respect for Akbar's cultural ideas, Jahangir deliberately departed from the prevalent domed structure.

**31.** "I ordered that he be brought to my presence (at Lahore). I gave over his homes and houses and children to Murtaza Khan, Confiscated his goods and ordered him to be capitally punished."

In the above passage Jahangir is ordering the execution of which Sikh Guru ?

(1) Guru Angad (2) Guru Arjan

(3) Guru Hargobind (4) Guru Tegh Bahadur

**32.** <u>Parauti</u> land was

(1) Cultivated every year.

(2) left uncultivated for a year.

(3) left uncultivated for three or four years.

(4) a cultivable waste.

**33.** Which one of the following sufis, belonging to the naqshbandi order, concluded that the Vedas were the revealed books, and the Hindus therefore possessed the status of the <u>ahl-i kitab</u> and could not be treated like the Kafirs of Arabia ?

(1) Mirza Mazhar Jan-i Janan (2) Shaikh Ahmad Sirhindi

(3) Shaikh Kalimullah (4) Miyan Mir

**34.** Who founded the 'Asiatic Society' in Calcutta in 1784 ?

(1) William Jones (2) Warren Hastings

(3) Jushua Marshman (4) Henry Derozio



www.examrace.com

**30.** सिकंदरा स्थित अकबर के मकबरे के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही <u>नहीं</u> है ?

(1) अकबर ने अपने जीवन काल में ही सिकंदरा में अपने मकबरे का निर्माण शुरू करा दिया था ।

(2) जहाँगीर ने 1607 में उस क्षेत्र का निरीक्षण किया; और उसे उसका नक्शा पसंद नहीं आया तथा उसने नया नक्शा बनाने का आदेश दिया ।

(3) सिकंदरा में अकबर के मकबरे का काम 1618 में समाप्त हुआ ।

(4) अकबर के सांस्कृतिक विचारों के प्रति श्रद्धा भाव के कारण ही जहाँगीर ने जानबूझकर मकबरों की प्रचलित गुंबदीय बनावट से अलग हटकर अकबर के मकबरे का निर्माण करवाया ।

**31.** "मैंने आदेश दिया कि उन्हें मेरे सामने (लाहौर) लाया जाए । उनके घर वगैरह तथा बच्चे मैंने मुर्तज़ा खान को सौंप दिए, उनके सामान जब्त कर लिए और प्राणदंड का हुक्म दिया ।"

उपर्युक्त गद्यांश में जहाँगीर ने किस सिख गुरु के प्राणदंड का हुक्म दिया है ?

(1) गुरु अंगद (2) गुरु अर्जन

(3) गुरु हरगोबिंद (4) गुरु तेग बहादुर

**32.** <u>पड़ौती</u> भूमि वह भूमि थी :

(1) जिस पर हर साल जुताई होती थी ।

(2) जिसे एक साल बिना जुताई छोड़ दिया जाता था ।

(3) जिसे तीन या चार साल के लिए बिना जुताई छोड़ा जाता था ।

(4) कृषि योग्य उजाड़ भूमि ।

**33.** नक्शबंदी संप्रदाय से सम्बन्धित किस सूफी ने कहा कि वेद दैवीय पुस्तकें हैं और इस तरह हिंदुओं को <u>अहले किताब</u> का दर्जा प्राप्त है और उनके साथ अरब के काफिरों जैसा बर्ताव नहीं किया जा सकता ?

(1) मिर्ज़ा मज़हर जाने जहाँ (2) शेख अहमद सरहिंदी

(3) शेख कलिमुल्लाह (4) मियां मीर

**34.** निम्नलिखित में से किसने 1784 में कलकत्ता में 'एशियाटिक सोसायटी' की स्थापना की थी ?

(1) विलियम जोन्स (2) वारेन हेस्टिंग्स

(3) जुशुआ मार्शमैन (4) हेनरी देरोजियो



www.examrace.com

35. In which year the East India college was established at Hertford near London, and when it was moved to Haileybury ?

(1) 1802 and 1809 (2) 1805 and 1808

(3) 1804 and 1808 (4) 1805 and 1809

36. Who among the following was the editor of 'Rast Goftar', a Gujarati fortnightly of Bombay in 1851 ?

(1) Dahyabhai Dholsaji (2) Dadabhai Kavasji

(3) Sursinhji Gohel (4) Dadabhai Naoroji

37. In which year a deputation consisting 36 members, led by Aga Khan met the Viceroy at Simla, demanding special concessions for Muslim Community ?

(1) 1902 (2) 1904

(3) 1906 (4) 1908

38. When did Pritilata Waddedar and her revolution group raid the railway Institute at Pahartali, Chittagong ?

(1) 22nd September, 1933 (2) 14th June, 1932

(3) 2nd February, 1933 (4) 22nd September, 1932

39. Which of the following statements is <u>not correct</u> in respect of 'The Sons of the Soil' movements ?

(1) When there was actual or potential competition for jobs between the immigrant and the local.

(2) Where and when the outsiders had greater access to higher education.

(3) The hostilily towards the 'outsiders' manifested because of middle-class jobs.

(4) This movement was concerned with reservation policy.

40. Of the following which one was <u>not</u> an ideal set out by Swami Dayanand for Arya Samaj ?

(1) Opposed idolatry.

(2) Opposed to the 'rigidity' of caste distinction based on birth.

(3) Opposed the four-fold caste classification based on individual capacities.

(4) Revered the Vedas and made an appeal for the study of ancient Hindu Culture.



www.examrace.com

**35.** लंदन के निकट हर्टफोर्ड में ईस्ट इंडिया कॉलेज की स्थापना किस वर्ष हुई और फिर किस वर्ष उसे हेलीबरी ले जाया गया ?

(1) 1802 और 1809
(2) 1805 और 1808
(3) 1804 और 1808
(4) 1805 और 1809

**36.** बाँबे में 1851 में प्रकाशित होने वाले गुजराती पाक्षिक 'रास्त गोफ्तार' का संपादक कौन था ?

(1) दाह्याभाई ढोलसाजी
(2) दादाभाई कावसजी
(3) सुरसिंहजी गोहेल
(4) दादाभाई नौरोजी

**37.** मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष छूट की माँग को लेकर आगा खान 36 प्रतिनिधियों के अपने दल के साथ शिमला में वायसराय से कब मिले थे ?

(1) 1902
(2) 1904
(3) 1906
(4) 1908

**38.** प्रीतिलता वड्डेदार और उसके क्रांतिकारी गुट ने चिट्टगाँव के रेलवे इंस्टिट्यूट ऑफ पहारतली पर कब धावा बोला था ?

(1) 22 सितंबर, 1933
(2) 14 जून, 1932
(3) 2 फरवरी, 1933
(4) 22 सितंबर, 1932

**39.** 'भूमिपुत्र' आंदोलन के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) जब अप्रवासियों और स्थानीय लोगों के बीच रोजगार के लिए वास्तविक और सम्भावित प्रतिद्वंद्विता उपस्थित हुई ।
(2) जहाँ-जहाँ और जब-जब बाहर से आने वालों के लिए उच्च शिक्षा में प्रवेश सुलभ था ।
(3) बाहर से आने वालों के प्रति शत्रुता मंझोले स्तर की नौकरियों को लेकर व्यक्त हुई ।
(4) यह आंदोलन आरक्षण की नीति से संबंधित था ।

**40.** निम्नलिखित में से कौन स्वामी दयानंद द्वारा आर्य समाज के लिए निर्धारित आदर्शों में शामिल नहीं था ?

(1) मूर्तिपूजा का विरोध
(2) जन्म के आधार पर जातिगत भेदभाव की कट्टरता का विरोध
(3) व्यक्ति के पेशे के आधार पर वर्गीकृत चातुर्वर्ण व्यवस्था का विरोध
(4) वेदों का सम्मान और प्राचीन हिंदू संस्कृति के अध्ययन की अपील



www.examrace.com

41. Which of the following State Governments were more supportive of Urdu language as a second official language in the State in post Independent India.

(1) Jammu and Kashmir, Andhra Pradesh and Karnataka.

(2) Andhra Pradesh, Karnataka and U.P.

(3) U.P., Bihar and Jammu and Kashmir.

(4) Bihar, Karnataka and U.P.

42. Match List-I with List-II and select the correct answer with the help of the codes given below :

| | List –I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Indian Independence Committee | (i) | Sanfrancisco |
| (b) | Pan-Aryan Society | (ii) | London |
| (c) | Indian Home Rule Society | (iii) | Berlin |
| (d) | Yugantar Ashram | (iv) | New York |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

43. Match List-I with List-II and select the correct code given below :

| | List – I (Authors) | | List – II (Books) |
|---|---|---|---|
| (a) | Henry Faucette | (i) | The Land-Systems of British India (1892) |
| (b) | William Digby | (ii) | Indian Finance (1880) |
| (c) | H.M. Hyndman | (iii) | India for Indians and for England (1885) |
| (d) | B.H. Baden-Powell | (iv) | The Bankruptcy of India (1886) |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |



www.examrace.com

**41.** स्वातंत्र्योत्तर भारत में निम्न में से किन राज्यों की सरकारें उर्दू को राज्य की दूसरी राजभाषा बनाने के पक्ष में थीं ?

(1) जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक

(2) आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश

(3) उत्तर प्रदेश, बिहार, और जम्मू-कश्मीर

(4) बिहार, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश

**42.** नीचे दिए कूट की सहायता से सूची-I और सूची-II के तथ्यों का सही मेल बताएँ :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | इंडियन इंडिपेंडेंस कमिटी | (i) | सैन फ्रांसिस्को |
| (b) | पैन -आर्यन सोसायटी | (ii) | लंदन |
| (c) | इंडियन होम रूल सोसायटी | (iii) | बर्लिन |
| (d) | युगांतर आश्रम | (iv) | न्यूयॉर्क |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**43.** सूची – I का सूची – II से मिलान करें और निम्न में से सही कूट का चयन करें :

| | **सूची – I** **(लेखक)** | | **सूची – II** **(पुस्तक)** |
|---|---|---|---|
| (a) | हेनरी फॉसेट | (i) | <u>द लैंड सिस्टम्स ऑफ ब्रिटिश इंडिया</u> (1892) |
| (b) | विलियम डिग्बी | (ii) | <u>इंडियन फायनांस</u> (1880) |
| (c) | एच.एम. हिंडमैन | (iii) | <u>इंडिया फॉर इण्डियन्स एण्ड फॉर इंग्लैंड</u> (1885) |
| (d) | बी.एच. बेडेन-पावेल | (iv) | <u>द बैंक्रप्टसी ऑफ इंडिया</u> (1886) |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |



www.examrace.com

**44.** Which one of the following statements is <u>not</u> a feature of the Enlightenment ?

(1) Saw the emergence of print culture.

(2) Accepted the Christian concept of original sin and that human character can be perfected by a belief in scriptures.

(3) Believed in the development of public opinion to exert its effect on political and social life.

(4) Applied reason, criticism and common sense to all major institutions and practices.

**45.** How is the National Socialist German Worker's Party, commonly known as ?

(1) German Communist Party

(2) Nazi Party

(3) Christian Socialist Party

(4) Socialist Worker's Party

**46.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List - I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Montesquieu | (i) | <u>Reflections on the Revolution in France.</u> |
| (b) | Rousseau | (ii) | <u>Inquiry into the Nature and causes of the wealth of Nations.</u> |
| (c) | Edmond Burke | (iii) | <u>Spirit of the Laws.</u> |
| (d) | Adam Smith | (iv) | <u>Discourse on the origin of Inequality.</u> |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**47.** Who said that, "every true history is contemporary history" ?

(1) Auguste Comte

(2) Benedetto Croce

(3) F.W. Maitland

(4) Arnold Toynbee



www.examrace.com

**44.** निम्नलिखित में से कौन प्रबोधन काल की विशेषता नहीं है ?

(1) मुद्रण संस्कृति का आविर्भाव

(2) पाप की मूलभूत ईसाई अवधारणा की स्वीकृति और यह विश्वास कि मनुष्य के स्वभाव को धर्मग्रंथों के विश्वास के अनुसार दोषरहित बनाया जा सकता है ।

(3) राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन को प्रभावित करने के लिए जनता की राय के विकास में विश्वास

(4) सभी बड़ी संस्थाओं तथा रिवाजों के संदर्भ में तर्क, आलोचना तथा सामान्य बुद्धि का प्रयोग

**45.** नेशनल सोशलिस्ट जर्मन वर्कर्स पार्टी को आम तौर पर किस नाम से जाना जाता है ?

(1) जर्मन कम्युनिस्ट पार्टी

(2) नाजी पार्टी

(3) क्रिश्चियन सोशलिस्ट पार्टी

(4) सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी

**46.** सूची – I के तथ्यों का सूची – II से मिलान करें और नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चुनाव करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मॉन्टेस्क्यू | (i) | रिफ्लेक्शन्स ऑन द रिवोल्यूशन इन फ्रांस |
| (b) | रूसो | (ii) | एंक्वायरी इन टु द नेचर एंड कॉजेज ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशन्स |
| (c) | एडमंड बर्क | (iii) | स्पीरिट ऑफ द लॉज |
| (d) | एडम स्मिथ | (iv) | डिस्कोर्स ऑन द ओरिजीन ऑफ इनइक्वेलिटी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**47.** किसने कहा था कि 'हर सच्चा इतिहास समकालीन इतिहास होता है ?'

(1) आगस्ट कॉम्ट
(2) बेनिडिटो क्रोसे
(3) एफ.डबल्यू. मैटलैंड
(4) आर्नल्ड ट्वायनबी



www.examrace.com

**48.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Authors)** | | **List – II (Works)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | R.G. Collingwood | (i) | The Archaeology of Knowledge |
| (b) | Arthur Marwick | (ii) | Metahistory |
| (c) | Hayden White | (iii) | The Idea of History |
| (d) | Michel Foucault | (iv) | The New Nature of History |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**49.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A)** : Interpretations have to do with meaning – it is through interpretation that we come to know meanings.

**Reason (R)** : Interpretation involves something like re-enacting or reliving in one's imagination the historical moment to be interpreted.

In the context of the above statements which of the following is correct ?

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**50.** Which School of historical research enlisted the aid of anthropology, climatology, psychology, geography and relevant sister disciplines ?

(1) The Rankean School
(2) The Subaltern School
(3) The Frankfurt School
(4) The Annales School



www.examrace.com

**48.** सूची – I के तथ्यों का सूची – II से मिलान करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| **(लेखक)** | | **(किताब)** | |
| (a) | आर.जी. कोलिंगवुड | (i) | द आर्किआलॉजी ऑफ नालेज |
| (b) | आर्थर मारविक | (ii) | मेटाहिस्ट्री |
| (c) | हेडेन व्हाइट | (iii) | द आइडिया ऑफ हिस्ट्री |
| (d) | मिशेल फूको | (iv) | द न्यू नेचर ऑफ हिस्ट्री |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**49.** नीचे दिए दो वक्तव्यों में से एक कथन (A) तथा दूसरा कारण (R) है ।

**कथन (A) :** व्याख्या का संबंध अर्थ से है – व्याख्याओं से ही हम अर्थों तक पहुँचते हैं ।

**कारण (R) :** व्याख्या में किसी व्यक्ति द्वारा अपनी कल्पना में उस ऐतिहासिक क्षण को पुनर्मंचित और पुनर्जीवित करना भी सम्मिलित होता है ।

उपर्युक्त वक्तव्यों के संदर्भ में निम्न में से कौन सही है ?

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, पर (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, पर (R) सही है ।

**50.** इतिहास अनुसंधान की किस शाखा ने अपने लेखन में नृविज्ञान, मौसम विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोलशास्त्र और अन्य महत्त्वपूर्ण सहायक शास्त्रों को समाहित किया ?

(1) रांकेयन स्कूल (2) सबाल्टर्न स्कूल

(3) फ्रैंकफर्ट स्कूल (4) ॲनाल्स स्कूल



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com